## चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 25.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 25.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा श्री आशुतोष तिवारी के मार्गदर्शन में उ0नि0 राहुल कुमार पाण्डेय व उनकी टीम द्वारा वाद संख्या 147/2021 धारा 125(3) द0प्र0सं0 के वारंटी अभियुक्त भीम सिंह पुत्र मुखिया उर्फ कामता निवासी माराचन्द्रा थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 श्री राहुल कुमार पाण्डेय थाना बहिलपुरवा
2. आरक्षी अजीत यादव

प्रेस नोट-चित्रकूट पुलिस

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा जनपद में हो रही चोरी की घटनाओं एवं उड़ रहे ड्रोन के सम्बन्ध में प्रत्येक थानों को ग्राम सुरक्षा समिति की टीम गठित करने हेतु निर्देशित किया गया।

आज दिनांक को 25.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा मा0 सदर विधायक चित्रकूट श्री अनिल प्रधान द्वारा जनपद चित्रकूट में ग्रामीण इलाकों में लगातार हो रही चोरियों के कारण आमजनमानस में भय व्याप्त होने तथा भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम सिंह पटेल के नेतृत्व में जनपद में प्रतिदिन चोरों के द्वारा दहशत व रात्रि में उड़ते ड्रोन के सम्बन्ध में अलग - अलग ज्ञापन दिये गये।

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा दोनों ज्ञापनों का संज्ञान लेते हुए समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने थाना क्षेत्र के प्रत्येक गांव/मजरों में ग्राम सुरक्षा समिति, वर्तमान ग्राम प्रधान/बीडीसी, पूर्व ग्राम प्रधान/पूर्व बीडीसी व अन्य सम्भ्रान्त व्यक्तियों की गोष्ठी आयोजित कर प्रत्येक ग्राम व मजरा में सप्ताह में प्रत्येक दिवस हेतु एक-एक टीम गठित कर पहरा/निगरानी करायें तथा रात्रि गश्त में निकलने वाली पुलिस टीमें सम्बन्धित ग्राम की गठित टीमों से समन्वय स्थापित कर सम्पर्क बनाकर संदिग्ध व्यक्तियों की उपस्थिति के सम्बन्ध में लगातार जानकारी करते रहें। किसी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुये सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करायें।

**(4).**आज दिनांक 25.08.2025 को मंडला आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा श्री अजीत कुमार की अध्यक्षता में जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में कानून व्यवस्था व विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में गत 21 जून को माननीय प्रभारी मंत्री जी के दिए गए दिशा निर्देशों के आख्या एवं सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें पीएम सूर्याधर योजना, खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतें, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम, नरेगा, भवन निर्माण, एम्बुलेंस, निपुण भारत, मिड डे मील आदि बिंदुओं पर समीक्षा की गई। मंडला आयुक्त ने पीएम सूर्य धर योजना के संबंध में कहा कि जो लक्ष्य रखा गया है उसे समय से पूरा कराएं, शादी अनुदान के संबंध में मंडला आयुक्त ने कहा कि कोई भी लाभार्थी इस योजना से वंचित नहीं रहनी चाहिए इसको सुनिश्चित कराएं। सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा के संबंध में उन्होंने कहा कि जिस विभाग का ए ग्रेड है वह बनाए रखें व जिनका बी सी में है उसमें सुधार कराएं।उन्होंने कहा कि जो लक्ष्य दिया गया है या अधिक है उसे मुख्यालय संपर्क कर सुधार कराएं उन्होंने कहा कि बाबुओं के भरोसे ना बैठे स्वयं देख कर निस्तारण कराए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरते यह सुनिश्चित करें।उन्होंने आईजीआरएस में कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी इसकी मानटिरिग करते हैं आप लोग स्वयं इसको देख कर सुधार कराएं।

कानून व्यवस्था के संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी लगभग सामान्य है कहा कि चोरी की घटनाएं की समस्या बड़ी है हम लोग ने लगातार भ्रमण सील होकर देख रहे हैं एव साथ ही साथ ग्रामीण लोगों से अपील किए हैं कि आप लोग भी सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस समय एक गांव से दूसरे गांव में लोग रात में जाने से डरता है।हम लोग थाना पुलिस चौकी को अलर्ट कर दिया गया है कि आप लोग भ्रमण सील होकर सतर्क रहें उन्होंने कहा कि फतेहपुर कौशांबी में भी कुछ घटनाएं चल रही है। कहां की वाहन चोरी में लगभग 30% की कमी हुई है इस प्रकार कानून व्यवस्था पर कंट्रोल किया जा रहा है।

मंडला आयुक्त ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को बधाई देते हुए कहा कि आप लोग अच्छे कार्य संपादित किया है, उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को भी कहा कि अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर ए ग्रेड प्राप्त किए हैं जो सराहनीय है। कहा कि जिनका लक्ष्य के अनुरुप होता है रैंकिंग प्रभावित होती है मुख्यालय संपर्क कर सुधार कराएं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग का स्वयं देखें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया की सड़कों को प्राथमिकता के साथ कार्य कराए।मंडला आयुक्त ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जो सड़क खुद गई है उसको सही करें कहां की कंपनियों से जो समझौता हुआ है उसी के अनुरूप कार्य करें। उन्होंने अपर जिला अधिकारी नमामि गंगे श्री स्वप्निल कुमार यादव को निर्देशित किया कि जो ग्राम पंचायत चिन्हित है सभी ग्राम पंचायत में पानी पहुंचना चाहिए कोई भी घर न छूटने पाए, कहां की एजेंसी की जो जिम्मेदारी है उसे कराए, उन्होंने कहा कि पानी मनुष्य के जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण है सही से मॉनिटरीग करें। मंडला आयुक्त ने अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि बिजली के बिल क्यों ज्यादा आते हैं जानकारी लिए, जिस पर अधिशासी अभियंता विद्युत ने बताया कि मीटर चेंजिंग के समय कभी-कभी आ जाते हैं जिसको हम लोगों ने सही कराए हैं कहा कि रीडिंग सही होनी चाहिए, उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर जल जाते हैं तो समय से बदले जिससे कि किसानों और जनता को परेशानी नहीं होनी चाहिए एवं इधर-उधर न भटकना पड़े। मंडला आयुक्त ने कहा की पोल लगाते समय सही से कवर्ड नहीं करते ऐसी लापरवाही नहीं होनी चाहिए कहा कि छोटी-छोटी लापरवाही ध्यान दे तो समस्या नहीं होगी।उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर देखें की कॉमन सेंटर चल रहे हैं कि नहीं उन्होंने कहा कि पंचायत सहायक बैढ़ता है कि नहीं इसकी रोस्टर बनाकर दें एवं स्वयं मै निरीक्षण करूंगा। उन्होंने कहा कि पंचायत सहायक व लेखपाल समय-समय पर ग्रामों में जाए तो समस्या नहीं आएगी स्वयं स्थल पर ही सुलझाया जा सकते हैं कहां की आप लोग भी निरीक्षण करते रहें। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल में जाए तो देखें की साफ सफाई है कि नहीं खाना ठीक मिलता है कि नहीं शौचालय साफ है कि नहीं कैंपस में बड़ी-बड़ी घास है उसे कटवाए कहा कि इससे मच्छर पनपते हैं जिससे बीमारियां पैदा होती है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में प्रोजेक्टर लगा है बहुत सारे टीचर को भी नहीं आता कहा कि टीचिंग मेथड का प्रयोग करें घीसे पीटे सिद्धांत को हटाकर नए पद्धति से पढ़ाये यह स्वयं जाकर अध्यापकों से बताएं। उन्होंने कहा कि ब्लैक बोर्ड अनिवार्य है बच्चों से लिखवाये एवं इससे बच्चों का मानसिक विकास होता है उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ योग भी बताएं यह हेल्थ और शिक्षा दोनों ही महत्वपूर्ण है इसको भी बताएं बच्चों को बताएं , जिससे कि अच्छा रिजल्ट आए, कहां की शिक्षा के क्षेत्र में जनपद में और अधिक सुधार हो सके। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया की आशा एनम को भी फिल्ड एक्टिव करें तो कुछ समस्या हल हो जाएगी , उन्होंने कहा कि अस्पताल में जाकर देखें की जनरेटर चलता है कि नहीं साफ सफाई है कि नहीं एवं डॉक्टरों व कर्मचारियों का रोस्टर सार्वजनिक स्थलों पर रहना चाहिए कहां की अस्पतालों में पानी पीने का तो है लेकिन नल टूटा है यह सब नहीं होना चाहिए कहा कि समय चादर बदले यह सब सुनिश्चित कराएं।उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि कोई भी गौवंश बाहर नहीं होनी चाहिए गौशाला में कराए पशुओं के खुला रहने पर फसलों का नुकसान होता है कहां की मेनेटिंग सही से करें।मंडला आयुक्त ने कहा कि चोरी की समस्या है तो गांव के लोगों से भी सहयोग ले उन्होंने कहा कि मंडल के चारों जिले में से चित्रकूट एक ऐसा जिला है जहां से कोई शिकायत

नहीं आती है कि मेरा मुकदमा नहीं लिखा जाता है उन्होंने कहां की पुलिस अधीक्षक प्रशंसा के पात्र हैं ।उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि मॉनिटरिंग अच्छे से करें जो भी अधिकारी आईजीआरएस में लापरवाही बरतता है तो कार्यवाही करें । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मंडल आयुक्त का धन्यवाद देते हुए कहा कि जो दिशा निर्देश मिला है उसे हम और हमारी टीम द्वारा पालन किया जाएगा ।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ,मुख्य सहायक आयुक्त श्री अरविंद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी श्री सत्य राम यादव, डीसी एनआरएलएम श्री ओपी मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री इंद्र नारायण सिंह, डीसी मनरेगा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**(5).**पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह व उनकी टीम द्वारा 10,000/- रुपये के इनामी अपराधी जाकिर पुत्र मोहम्मद साकिर निवासी गुलाब बिहार कालोनी थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया जो कि मु0अ0सं0 197/25 धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली कर्वी में वांछित अभियुक्त था। गिरफ्तार वांछित अभियुक्त जाकिर उपरोक्त काफी दिनों से फरार चल रहा था एवं इसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा 10,000/- रुपये का इनाम घोषित किया गया था ।

गिरफ्तारी करने वाली टीमः-

1.प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह

2.उ0नि0 श्री अंशुल कुमार

3.आरक्षी संजीव सोनी

4.आरक्षी राहुल देव

5. आरक्षी चालक नीतू द्विवेदी

**(6). प्रेस नोट-चित्रकूट पुलिस**

**शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु क्षेत्राधिकारी राजापुर द्वारा कस्बा राजापुर में पैदल गस्त किया गया**

**आज दिनाँक 25.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राजकमल द्वारा थानाध्यक्ष राजापुर श्री पंकज तिवारी की उपस्थिति में कस्बा राजापुर के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर लोगों को बदमाशों एवं ड्रोन उड़ने की अफवाहों से बचने ,सावधान रहने एवं गांव में आने वाले अजनबी व्यक्तियों के साथ दुर्व्यवहार न करने के संबंध में विशेष रूप से जागरुक किया गया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबा एवं दो/चार पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।**

**(7).आज दिनाँक 25.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर लोगों को बदमाशों एवं ड्रोन उड़ने की अफवाहों से बचने ,सावधान रहने एवं गांव में आने वाले अजनबी व्यक्तियों के साथ दुर्व्यवहार न करने के संबंध में विशेष रूप से जागरुक किया गया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबा एवं दो/चार पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।**